constituted by National Bank for Agriculture and Rural Development (NABARD). The selection of Tripura Gramin Bank for restructuring is contigent on the finalisation of a suitable package of measures having regard to its special problems.

**Proposal for assistance from ADB to Royalseema Thermal Power Station**

2229. SHRI YERRA NARAYANASWAMY: Will the Minister of POWER be pleased to state:

(a) whether Government have received a request from Government of Andhra Pradesh to forward the Royalseema Thermal Power Station Stage III for external assistance to the Asian Development Bank;

(b) if so, whether the APB had been approached; and

(c) the status of this request at present?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF POWER (SHRIMATI URMILABEN CHIMANBHAI PATEL): (a) to (c) There is no proposal for installation of Royalseema Thermal Power Station Stage-III.

**पर्यटक विभाग के विदेशी कार्यालय की उपलब्धियां**

2230. **श्री मूलचन्द मीणा:**
**श्री अजीत जोगी:**

क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) इस समय पर्यटन विकास के विदेशों में कार्यरत कार्यालयों का ब्यौरा क्या है;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान इन कार्यालयों की क्या-क्या उपलब्धियां रही हैं;

(ग) क्या इनका कार्य-निष्पादन संतोषजनक रहा है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार ने ऐसे कुछ और नए कार्यालय खोलने का निर्णय लिया है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ये कार्यालय कहां-कहां खोले जाएंगे?

**नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद):** (क) इस समय भारत सरकार के 18 पर्यटक कार्यालय विदेश में कार्य कर रहे हैं, जिनका ब्यौरा संलग्न विवरण-I में दिया गया है। **(नीचे देखिए)**

(ख) से (घ) विदेश स्थित पर्यटक कार्यालयों के सम्मिलित प्रयासों के कारण, गत तीन वर्षों के दौरान अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक आगमनों और विदेशी मुद्रा आय में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई है। गत तीन वर्षों के दौरान प्रतिशत वृद्धि सहित अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक आगमन और विदेशी मुद्रा अर्जन को दर्शाने वाला विवरण-II संलग्न है। (नीचे देखिए)

(ङ) और (च) पर्यटन विभाग के मास्को, तेल अवीव, जोहन्सबर्ग, सियोल और दक्षिण अमरीका में कुछ नए कार्यालय खोलने के प्रस्ताव हैं।

## विवरण I

**विदेश स्थित भारत सरकार पर्यटक कार्यालयों की सूची**

| क्रम सं० | कार्यालय का नाम |
|---|---|
| 1. | न्यूयार्क |
| 2. | लास ऐंजिल्स |
| 3. | टोरोंटो |
| 4. | लंदन |
| 5. | जैनेवा |
| 6. | मेड्रीड |
| 7. | पैरीस |
| 8. | फ्रैंकफर्ट |
| 9. | स्टोकहोम |
| 10 | एमस्टर्डेम |
| 11. | मिलान |
| 12. | दुबई |
| 13. | बैहरीन |
| 14. | सिडनी |
| 15. | टोक्यो |
| 16. | सिंगापुर |
| 17. | कुआलालमपुर |
| 18. | बैंकाक |